रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1150] नई दिल्ली, सोमवार, जून 1, 2015/ज्येष्ठ 11,1937
No. 1150] NEW DELHI, MONDAY, JUNE 1, 2015/JYAISTHA 11, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 जून, 2015

का.आ. 1450(अ).—निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, ऐसे व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, प्रकाशित की जाती है; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना से युक्त भारत के राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि के अवसान पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, उन्हें, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केंद्रीय सरकार के विचार किए जाने के लिए, सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

प्रारूप अधिसूचना

पाखल **वन्यजीव अभयारण्य** (जिसे इसके बाद अभयारण्य कहा गया है) 17°42.5′ और 18°10′ उत्तरी अक्षांतर तथा 79°55′ और 80°10′ पूर्वी देशांतर के बीच में अवस्थित है और जो मुख्यतः तेलंगाना के वारंगल (दक्षिणी) प्रभाग और वारंगल (उत्तरी) प्रभाग के भीतर आता है और यह क्रमशः इंटरनगरम वन्य जीव अभयारण्य और किन्नरासनी वन्य जीव अभयारण्य (खम्म जिले) ये पन्द्रह और तीस किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है ;

और, तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश राज्य के प्राचीनतम अभयारण्यों में से पाखल वन्य जीव अभयारण्य एक है, अभयारण्य का नामकरण पाखल झील (वेटलैंड) के नाम पर किया गया है, जो स्थानीय लोगों के लिए सिंचाई का स्रोत है और ऐतिहासिक पैतृक संपत्ति से भी भरपूर है, इसका सन्निनिर्माण 1323 ई0 के दौरान काकातिय राजवंश के राजा प्रताप रूद्र द्वारा कराया गया था ;

और, पाखल वन्य जीव अभयारण्य '6बी' जैव–भौगोलिक क्षेत्र, अर्थात् डिकैन प्रायद्वीप (6) के प्रमुख पठार में आता है और गोदावरी घाटी के वन के विस्तृत भू–भाग का एक भाग भी है, जो उसके उत्तर पूर्व में इंटरनगरम वन्य जीव अभयारण्य और उस अभयारण्य के दक्षिण पूर्व में किन्नेरासानी वन्य जीव अभयारण्य में समाहित है ;

और, उस अभयारण्य में सामान्यतः टर्मिनेलीय टोमेनटोसा, एनोजेइसस लेटीफोलिया, बोस्वेलिया सेरैटा, डायस्पायरस मेकैयनोक्साइलेगन, स्टरक्यूलीया यूरेन्स, मधुका इंडिका, डैलबेरजिया पैंटिकुलेटा, भोडिना ओडियर, जैलिया डोबैब्रिफोरमिस, क्लोरोक्जाइलोन स्वाटेनिया, लेजरस्ट्रोमिया पैरवीफ्लोरा, क्लेक्टैनथस कोलिनस, सोयमिडा फेब्रीफ्यूगा, टेरमिनैलिया बैवेरिका टर्मिनैलिया चेव्यूबा, अकेशीया सुबद्रा, अभयारण्य के चिंटागुडा ब्लॉक्स में विशेष रूप से विस्तृत बैम्बू ब्रैक्स जिसमे डेंड्रोकैलेमस एट्रीक्टस और वैम्बुसा उरण्डीनैसी भी हैं ;

और, पाखल वन्यजीव अभयारण्य में विभिन्न प्रकार के संकटापन्न जानवर, जैसे बाघ, भारतीय गौर, तेंदुआ, तेंदुआ बिल्ली, रीछ, लकड़बग्घा, जंगली कुत्ते, भेड़िया, सियार, लोमड़ी, सांभर, चीता, चौसिंघा (चार सींग वाले) हिरन, चिंकारा, नीलगाय, अजगर, विशाल गिलहरी और उड़ने वाली गिलहरी शरण लिए हुए हैं ;

और, पाखल वन्यजीव अभयारण्य दो जल निकास पद्धतियों के लिए जलागमन का भाग बनाता है, एक जल निकास पद्धति लखनावारम झील से होकर गोदावरी नदी में मिलता है और दूसरा पाखल झील और पाखल नदी (खम्माम जिले की मुन्नेरू नदी) से होते हुए कृष्णा नदी में मिलता है ;

और अब इस अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र का परिरक्षण और संरक्षण करना आवश्यक है तथा जिसकी सीमाओं को इस अधिसूचना के पैरा 1 में पाखल वन्य जीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितकीय संवेदी जोन के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है और पर्यावरण की दृष्टि से उद्योगों या उद्योगों के वर्ग को तथा उनकी संक्रियाओं और प्रक्रियाओं को उक्त पारिस्थितकीय संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2), के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तेलंगाना राज्य में पाखल वन्य जीव अभयारण्य की सीमा से 0 से 10 किलोमीटर तक के क्षेत्र को, पाखल वन्य जीव अभयारण्य 'पारिस्थितिक संवेदी जोन' (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके ब्यौरे निम्नलिखित हैं, अर्थात्:

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन तेलंगाना के वारंगल जिले में 965.71 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में विस्तृत है और जिसके अंतर्गत वारंगल जिले में 11 मंडल अर्थात् मुलुगू, नेलाबेल्ली, नरसंपत, कानापुर, गुदूर, कोयागुडा, चेन्नारावपेट, महबुबाद, केसमुदरम, गोबिंदरावपेट, तडवई के 108 गांव सम्मिलित हैं ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन पाखल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से शून्य किलोमीटर से दस किलोमीटर तक के क्षेत्र में है ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन उपाबंध I के रूप में संलग्न है और गांवो की सूची उपाबंध II में दी गई है ।

(4) अंक्षाश और देशांतर रेखा के साथ–साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का मानचित्र उपाबंध III के रूप में इस अधिसूचना के साथ संलग्न है ।

2. **पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना**–(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय लोगों से आंचलिक महायोजना, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति के अनुसार तैयार कि जायेगी।

(2) उक्त योजना को राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति और सुसंगत केन्द्रीय और राज्य विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों यदि कोई हो के अनुसार तैयार की जायेगी ।

(4) आंचलिक महायोजना संबंधित राज्य विभागों के साथ परामर्श से पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय विचारणों को उसमें एकीकृत करने के लिए तैयार की जाएगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;
(ii) वन ;
(iii) नगर विकास ;
(iv) पर्यटन ;
(v) नगरपालिक ;
(vi) राजस्व ;
(vii) कृषि ;
(viii) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
(ix) सिंचाई, और
(x) लोक निर्माण विभाग

(4) जोनल मास्टर प्लान में वन विरहित क्षेत्रों का प्रत्यास्थापन, विद्यमान जलाशयों का संरक्षण, जल संग्रहण क्षेत्रों का प्रबंधन, जल विभाजन का प्रबंधन, भूजल प्रबंध, मृदा और आद्रता संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकता और ऐसे पारिस्थितिकी तथा पर्यावरणीय अन्य पहलू, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है, के लिए उपबंध किया जाएगा।

(5) जोनल मास्टर प्लान में, आमोद प्रमोद संबंधी मूल्य, वनों के प्रकार और रूप, कृषि क्षेत्र, उपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र, उद्यान क्षेत्र, बगीचे, लेख और अन्य जल निकायों सहित सभी विद्यमान और प्रस्तावित ग्राम बंदोबस्त, नगरीय बंदोबस्त, पूजा स्थलों, सांस्कृतिक मूल्य के क्षेत्रों को सीमांकित किया जाएगा ।

(6) जोनल मास्टर प्लान में स्थानीय समुदायों की जीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी मैत्रीपूर्ण विकास को इस प्रकार सुनिश्चित किया जाए कि पारिस्थतिकी संवेदी जोन में विकास को सुनिश्चित किया जा सके ।

(7) जोनल मास्टर प्लान में अधिसूचना के पैरा 4 में दिए गए अनुसार इस अधिसूचना के उपबंधों के अधीन मानीटर करने के कार्यों का संपादन करने के लिए पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए मानीटरी करने वाली समिति के लिए संदर्भ दस्तावेज होगा ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**--राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग**--पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आमोद प्रमोदन के प्रयोजन के लिए अभिनिश्चित वनों, उद्यान--कृशि क्षेत्रों, कृशि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्य या उद्योग संबंधी विकास के क्रियाकलापों हेतु उपयोग या परिवर्तन नहीं किया जाएगा :

परन्तु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृशि भूमि का संपरिवर्तन, पैरा 5 के अधीन मानीटरी समिति की और राज्य सरकार के सिफारिश पर स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और जिसके अंतर्गत पैरा 4 की

सारणी के स्तंभ (2) में यथा विनिर्दिश्ट मद संख्या 11, 15, 23, 24 और 27 में सूचीबद्ध क्रियाकलाप को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होगें अर्थात :–

(i) वर्षा जल संचय,
(ii) कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण शिल्पकार आदि भी हैं,
(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,
(iv) सड़कों का विस्तारण, और
(v) सन्निर्माण क्रियाकलाप से संबंधित कृशि भूमि का संपरिवर्तन अनुज्ञात हो सकेगा :

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 तथा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परन्तु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू–अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी ।

परन्तु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू–उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नही होगा ।

परन्तु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनउत्पादक कृषि क्षेत्रो मे पुनः वनीकरण करने के प्रयास किए जाएगें ।

(2) **प्राकृतिक स्रोतों** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन**–(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, पर्यटन महायोजना के अनुसार जिसमें जोनल मास्टर प्लान का भागरूप में होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, तेलंगाना सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, तेलंगाना सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के संबंधित पर्यटकों के अस्थायी निवास के लिए आवासन के सिवाय पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटल और रिसार्ट के नए संनिर्माण अभ्यारण्य की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर अनुज्ञात नहीं होंगे ।

परंतु राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के 1 किलोमीटर के परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसार्टों की स्थापना को पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व निश्चित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में और पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुज्ञात किया जाएगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत**--पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना जोनल मास्टर प्लान का भाग होगा ।

(5) मानव निर्मित विरासत स्थलों—पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) ध्वनि प्रदूषण—पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण**--पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट** -- ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण, और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन द्वारा पर्यावरण, और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और पर्यावरण, वन

और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(12) औद्योगिक ईकाइयां –

(क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को सिवाए विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ख) जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योग की प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन में स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, **1986 (1986 का 29) के** उपबंधों तथा उनके तहत बनाये गए नियमों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां	(क) नए खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खदानों और उनको तोड़ने की इकाइयां गृहों के संनिमार्ण या मरम्मत के लिए पृथ्वी की खुदाई या देशी टाइलों के विनिमार्ण या व्यैक्तिक उपायों के लिए आवासन के लिए ईंटों के संदर्भ में वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय प्रतिसिद्ध होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वथा होंगे ।
2.	आरा मिलों की स्थापना	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए या प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	नए वृहत जल विद्युत परियोजना और सिचाई परियोजनाओं की स्थापना	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	प्राकृतिक जलाशयों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे वायुयान या गर्म वायु गुब्बारों द्वारा अभ्यारण क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।

9.	नए काष्ठ आधारित उपयोग	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग विधि के अनुसार तब तक बने रहेंगे । जब तक उन्हें लागू नियमो के तहत प्रतिषिद्ध न किया जाए।
विनियमित क्रियाकलाप		
10.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना	संरक्षित क्षेत्र की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना को अनुज्ञात नही किया जाएगा सिवाय पारिस्थितिकी के अनुकूल पर्यटन कार्यकलापों से संबंधित पर्यटकों के लिए अस्थायी अधिभोग संबंधी आवास के ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप	(क) संरक्षित क्षेत्र राष्ट्रीय पार्क की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार के नए वाणिज्यिक संनिर्माण को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय व्यक्तियों को उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण जिसके अंतर्गत पैरा 3 में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, को करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा । (ख) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण कार्यकलापों को लागू नियमों और विनियमों के अनुसार, यदि कोई हों सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से विनियमित किया जाएगा और न्यूनतम पर रखा जाएगा । (ग) पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार होंगे ।
12.	वृक्षों की कटाई	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी । (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों के मामले में कार्ययोजना अभिवर्णनों का अनुसरण किया जाएगा ।
13.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है	(क) केवल भूमि अधिभोगी के वास्तविक कृषि उपयोग और घरेलू खपत के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण अनुज्ञात होगा । (ख) औद्योगिक, या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूजल के निष्कर्षण जिसमें वह मात्रा भी है जिसे निष्कर्षित किया जा सकता है के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी । (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा । (घ) किसी भी स्रोत से जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे ।
14.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण	(i) भूमिगत केबलों को अनुज्ञात किया जा सकेगा ।
15.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनिकरण उपाय लागू किए गए अनुसार किए जाएंगे ।
17.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
18.	विदेशी प्रजातियों को लाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

19.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	प्राकृतिक जलाशयों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण	उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित किया जाएगा और अबमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन किया जाएगा ।
21.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग	पारिस्थितिकीय संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि, या कृषि आधारित उद्योग देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं अनुज्ञात होगे ।
23.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	वायु और यानिक प्रदूषण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	दुकानदारों द्वारा पोलिथीन बैगों का उपयोग	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
अनुज्ञात कार्यकलाप		
27.	स्थानीय समुदायों द्वारा लाई जा रही कृषि और वागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन	उनमें से कुछ गतिविधियों का अत्यधिक विस्तार आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित किया जायेगा।
28.	वर्षा जल संचयन	सक्रिय रूप से वढावा दिया जाए ।
29.	जैविक खेती	सक्रिय रूप से वढावा दिया जाए ।
30.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना	सक्रिय रूप से वढावा दिया जाए ।
31.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं	सक्रिय रूप से वढावा दिया जाए ।
32.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग	जैव गैस, सौर प्रकाश आदि को वढावा देना होगा ।

5. **मानीटरी समिति.**—(1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :—

(क) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन से संबंधित जिला कलेक्टर – अध्यक्ष;

(ख)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का तेलंगाना सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामित एक प्रतिनिधि	- सदस्य;
(ग)	परिस्थिति विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में तेलंगाना सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय का नामित एक विशेषज्ञ	-सदस्य;
(घ)	क्षेत्रीय अधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,	-सदस्य;
(ङ)	क्षेत्र का वरिष्ठ शहरी योजनाकार	-सदस्य;
(च)	संभागीय वन अधिकारी (संरक्षित क्षेत्र का इंचार्ज)	सदस्य सचिव;

निर्देश का निबंधन

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी के स्तंभ (3) में यथा उपबंधित प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 3 के अधीन यथाउपबंधित प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित जोन मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलेक्टर या वन्यजीव अभयारण्य का प्रभारी प्रभागीय वन अधिकारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट उस वर्ष की 30 जून तक राज्य के मुख्य वन्यजीव संरक्षक उपाबंध 4 में दिए गए रूप विधान के अनुसार प्रस्तुत करेगी।

6. केंद्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय–समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा ।

7. इस अधिसूचना में यथाउपबंधित सभी उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालयों और विषयवस्तु से संबंधित विधि का कोई अन्य न्यायालय द्वारा यदि कोई पारित किया गया है, विद्यमान आदेशों के अध्यधीन हैं ।

[फा. सं. 25/14/2014 –आरई/ईएसजेड]

डा. जी. वी. सुब्रह्मण्यम, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

पारिस्थितिकीय संवेदनशील जोन कर सीमा वर्णन :

- स्थल सं. 01 से 28 तक पूर्व दिशा में पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा है और यह क्षेत्र वारंगल जिला के दक्षिण प्रभाग में आता है।
- स्थल सं. 29 से 36 दक्षिण–पूर्व दिशा में पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा है और यह क्षेत्र वारंगल जिला के दक्षिण प्रभाग में आता है ।
- स्थल सं. 49 सं 60 तक वारंगल जिला के दक्षिण दिशा में पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा है ।

2421 GI/15-2

- स्थल सं. 61 से 102 तक वारंगल जिला के अभयारण्य के लिए दक्षिण दिशा में पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा है ।
- स्थल सं. 103 से 110 तक वारंगल जिला के अभयारण्य के लिए उत्तर–पूर्व दिशा में पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा है ।
- स्थल सं. 111 से 130 तक वारंगल जिला के अभयारण्य के लिए उत्तर दिशा में पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा है ।

उपाबंध II

पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के भीतर आने वाले गांव

क्र. सं.	जिले का नाम	मंडल का नाम	क्र. सं.	गांव का नाम
1	वारंगल	गोविंदरावपीठ	1	बुस्सापुर
			2	कोठागादा
2	वारंगल	मुलुगु	3	अन्नामपल्ली
			4	देवगिरीपटनम
			5	एदलाबोदु
			6	सारंगपल्ली
			7	पंचोटलापल्ली
			8	गंतूरपल्ली
			9	रायानीगुडा
			10	चिन्तालापल्ली
			11	पुलीगुंदम
			12	चिंताकुन्तापल्ली
			13	अनाकन्नागुदेम
			14	पाथीपल्ली
			15	जगन्नागुदेम
			16	कोथुरू
			17	पेगदपल्ली
			18	दब्बागुदेम
			19	सरवापुर
			20	रामचंद्रपुरम
			21	लालागुदेम

			22	पोटलापुर
			23	सुबरारेड्डीपल्ली
			24	मुद्दुनुरपल्ली
			25	केदीशालकुन्दा
			26	चंद्रुथन्दा
			27	रहीमनगर
			28	मनारिंग थन्दा
			29	यापलागद्दा
3	वारंगल	गोल्लाबेल्ली	30	मुदुचेक्कलापल्ली
			31	येराया थन्दा
			32	गोविंदापुर
			33	लक्ष्मी थन्दा
			34	मेदापल्ली
			35	गोल्लापल्ली
			36	रुद्रागुदेम
			37	बुचीरेड्डीपल्ली
			38	शमशाबाद
			39	पदमापुरम
			40	कानारावपीठ
			41	येदनाग्राम
			42	नगराजुपल्ली
			43	ममिदि वीराइहपल्ली
			44	गांधीनगरम
			45	गुंदलापाद
			46	पेदाथन्दा
			47	नरकापीठ
4	वारंगल	नरसामपीठ	48	इतिकालापल्ली
			49	मदनापीठ

			50	कमलापुरम
5	वारंगल	कानापुर	51	अशोकनगर
			52	कानापुर
			53	कोट्टूर
			54	बुदरावपीट
			55	मंगलावारीपीट
			56	अइनापल्ली
			57	धरमारावपीट
			58	पपयापीट
6	वारंगल	गुदुर	59	अयोध्यापुर
			60	नाइकपल्ली
			61	मरीमित्ता
			62	चंद्रागुदेम
			63	पोनुगोदु
			64	गुदुर
			65	लक्ष्मीगुदेम
			66	इपुर गाडा
			67	दुब्बागुदेम
			68	बोल्लेपल्ली
			69	दामरावंछा
			70	जंगु थन्दा
			71	गोविदपुरम
			72	अप्पराजपल्ली
			73	गजुलागट्टू
			74	लक्ष्मीपुरम
			75	बेद्दुगोंडा
			76	कोल्लापुरम

क्र. सं.	जिले का नाम	मंडल का नाम	क्र. सं.	गांव का नाम
			77	मलन्नागुदेम
7	वरंगल	कोठागुदा	78	पुतलाबुपाठी
			79	कामाराम
			80	पोनुगोंदला
			81	दुब्बागुदेम
			82	जंगालपल्ली
			83	गंगाराम
			84	महादेवनीगुदेम
			85	चिंतागुदेम
			86	बयुरगोंडा
			88	गंगाराम
			89	पनदेम
			90	रामरापादु
			91	ममिदिगुदम
			92	गुरिजालामोट्टु
8	वारंगल	तदवाइ	93	लिंगाला
9	वारंगल	चेन्नारावपीट	94	तिम्मराइपीट
			95	बेचेरूयु
			99	जिल्लेल्लागुदेम
			100	संदरालागुदेम
			101	कोमुगूदम
			102	लक्ष्मीपुरम
			103	जंगिलिगोंडा
			104	कोथुर
10	वारंगल	केसामुदरम	105	नरसिमहुलागुदेम
			106	पेनुकोंडा

			107	बेरिवाडा
			108	तीगालावेनि

उपाबंध III

अक्षांश और देशांतर रेखा के साथ ही साथ पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन की सीमा का मानचित्र



...उपाबंध III

आई डी	देशांतर	अक्षांश	आई डी	देशांतर	अक्षांश	आई डी	देशांतर	अक्षांश
1	80.24124	18.10985	55	80.02838	17.65190	97	79.89000	18.05548
2	80.24424	18.10102	56	80.02008	17.65746	98	79.89158	18.06634
3	80.25219	18.08743	57	80.00684	17.65323	99	79.89353	18.07340
4	80.25625	18.08002	58	79.98831	17.65093	100	79.89335	18.08470
5	80.26984	18.06925	59	79.97066	17.65393	101	79.89617	18.09440
6	80.27672	18.05963	60	79.95583	17.66364	102	79.89582	18.09767
7	80.28519	18.04675	61	79.94524	17.68217	103	79.90623	18.11514
8	80.28961	18.03704	62	79.94312	17.69532	104	79.91312	18.11867
9	80.29208	18.02830	63	79.94489	17.70574	105	79.91488	18.12750
10	80.29420	18.01701	64	79.94277	17.71950	106	79.93077	18.15124
11	80.29525	17.99680	65	79.94454	17.73212	107	79.94736	18.16218
12	80.29384	17.97703	66	79.94348	17.73989	108	79.96342	18.16536
13	80.28943	17.95946	67	79.94436	17.74219	109	79.97984	18.16201
14	80.28590	17.94817	68	79.93854	17.75560	110	79.99378	18.15442
15	80.27637	17.93114	69	79.92406	17.76646	111	79.99714	18.15512
16	80.26366	17.91154	70	79.91488	17.78005	112	80.01443	18.16730
17	80.26172	17.90651	71	79.91082	17.79170	113	80.03208	18.17092
18	80.26119	17.88957	72	79.91012	17.79779	114	80.04109	18.16986
19	80.25889	17.87492	73	79.90553	17.80626	115	80.04956	18.18169
20	80.25695	17.86309	74	79.90006	17.81191	116	80.05856	18.18716
21	80.24936	17.84527	75	79.89900	17.81950	117	80.06933	18.20207
22	80.24972	17.83732	76	79.89264	17.83079	118	80.08221	18.21213
23	80.24601	17.81808	77	79.88858	17.84165	119	80.09386	18.21602
24	80.24248	17.80511	78	79.88858	17.84165	120	80.09492	18.21090
25	80.24742	17.79681	79	79.88717	17.85453	121	80.09898	18.19219
26	80.25148	17.78314	80	79.88841	17.86901	122	80.10427	18.17224
27	80.25483	17.76522	81	79.89582	17.87968	123	80.11275	18.15953
28	80.25536	17.75225	82	79.89970	17.88551	124	80.12546	18.14197
29	80.25413	17.74183	83	79.90888	17.89222	125	80.14734	18.12732

30	80.25148	17.74148	84	79.90747	17.90545	126	80.16323	18.12062
31	80.25095	17.73830	85	79.90976	17.91507	127	80.18176	18.11673
32	80.24989	17.73318	86	79.91347	17.92372	128	80.19059	18.11638
33	80.24213	17.73424	87	79.90571	17.93520	129	80.20859	18.11532
34	80.23489	17.75083	88	79.89900	17.94543	130	80.22359	18.11355
35	80.22200	17.74183	89	79.89582	17.95788			
36	80.21177	17.73407	90	79.89600	17.96405			
49	80.08451	17.65049	91	79.87711	17.98832			
50	80.07709	17.64978	92	79.87340	18.00809			
.51	80.07462	17.64590	93	79.87588	18.02380			
52	80.07233	17.65402	94	79.87888	18.02760			
53	80.05715	17.64978	95	79.88682	18.03978			
54	80.04532	17.64820	96	79.89194	18.04225			

उपाबंध IV

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रोफार्मा – पारिस्थितिकी संवेदनशील जोन मानीटरी समिति

1. बैठकों की संख्या और तारीख

2. बैठकों का कार्यवृत्त - मुख्य बिंदुओं का उल्लेख करें न कि उपयुक्त बिंदुओं का पृथक उपाबंध के रूप में बैठक का कार्यवृत्त संलग्न

3. पर्यटन मास्टर प्लान सहित जोनल मास्टर प्लान तैयार करने की प्रास्थिति

4. भू अभिलेख को देखने से प्रकट गलतियों की परिशुद्धि के मामलों का संक्षिप्त विवरण उपाबंध के रूप में ब्यौरे संलग्न करें।

5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अंतर्गत आने वाले क्रियाकलाप के लिए संवीक्षित मामलों का संक्षिप्त विवरण उपाबंध के रूप में ब्यौरे संलग्न करें।

6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अंतर्गत न आने वाले क्रियाकलाप के लिए संवीक्षित मामलों का संक्षिप्त विवरण उपाबंध के रूप में ब्यौरे संलग्न करें।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज परिवादों का संक्षिप्त विवरण

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st June, 2015

S.O. 1450(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of Section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry

of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forests and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, the Pakhal Wildlife Sanctuary is located between latitude 17° 42.5' and 18° 10' North and between longitude 79° 55' and 80° 10' East and mostly falls within Warangal (South) Division and Warangal (North) Division in Telangana and it is located at a distance of fifteen and thirty kilometers from Eturnagaram Wildlife Sanctuary and Kinnerasani Wildlife Sanctuary (Khammam Dist.) respectively;

AND WHEREAS, Pakhal Wildlife Sanctuary is one of the oldest wildlife sanctuaries in the erstwhile state of united Andhra Pradesh and the Sanctuary is named after the Pakhal lake (wetland), which is the source of irrigation for local people and also has rich historical heritage as it was constructed by King Pratapa Rudra of Kakatiya Dynasty during 1323 AD.

AND WHEREAS, Pakhal Wildlife Sanctuary falls in the '6B' Bio-geographical region i.e., Central plateau of Deccan peninsula (6) and is also a part of the large tract of the Godavari valley forests which comprise of Eturnagaram Wildlife Sanctuary in its North East and Kinnerasani Wildlife Sanctuary in the South-East of the Sanctuary;

AND WHEREAS, the plant species commonly found in the Sanctuary are : *Terminalia tomentosa, Anogeissus latifolia, Boswellia serrata, Diospyros melanoxylon, Sterculia urens, Maduca indica, Dalbergia panticulata, Odina wodier, Xylia dolabriformis, Chloroxylon swietenia, Lagerstromia parviflora, Cleistanthus collinus, Soymida febrifuga, Terminalia ballerica, Terminalia chebula, Acacia subdra,* extensive bamboo brakes consisting of *Dendrocalamus strictus* and *Bambusa arundinacea* also occur in the Sanctuary especially in Chintaguda blocks.

AND WHEREAS, Pakhal Wildlife Sanctuary harbours many endangered species like Tiger, Indian Gaur, Panther, Leopard cat, Sloth Bear, Hyena, Wild dogs, Wolf, Jackal, Fox, Sambar, Cheetal, Four-horned antelope, Chinkara, Neelgai, Python, Giant Squirrel, and Flying Squirrel;

AND WHEREAS, Pakhal Wildlife Sanctuary forms part of the catchment for two drainage systems, one drainage system joins river Godavari through Lakhnavaram lake and the other joins Krishna River through Pakhal Lake and the Pakhal river (Munneru river in Khammam district);

